तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

10 102 के बजाए 123 केंद्रों में होगी धान की खरीदी...



11 मितानिनों की घर-घर दस्तक, 15 साल से ....



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



छत्तीसगढ़ खाद्य विभाग के कमिश्नर दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में रायपुर से पहुंची टीम

मिठाई फैक्ट्रियों में खाद्य विभाग का छापा, गंदगी के बीच बन रहा था पनीर, मिला एक्सपायरी दूध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिवाली के त्योहार से पहले मिठाई और पनीर की गुणवत्ता को लेकर खाद्य विभाग ने कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ खाद्य विभाग के कमिश्नर दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में रायपुर से पहुंची टीम ने छावनी स्थित मां दुर्गा डेयरी, बैकुंठ धाम स्थित मुस्कान फैक्ट्री और गुप्ता जी लड्डू फैक्ट्री का निरीक्षण किया।



जांच के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की कमी और खाद्य सामग्री के रखरखाव में लापरवाही सामने आई। मां दुर्गा डेयरी में एक्सपायरी दूध मिलने का दावा किया गया, जबकि पनीर निर्माण स्थल की स्वच्छता पर भी सवाल उठे। वहीं, मुस्कान फैक्ट्री में सोनपापड़ी, मैसूर पाक और पेड़ा तथा गुप्ता जी लड्डू फैक्ट्री में तैयार लड्डुओं की जांच की गई। खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे और संदिग्ध सामग्री को नष्ट कराने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग की टीम ने सबसे पहले भिलाई के छावनी क्षेत्र स्थित मां दुर्गा डेयरी का निरीक्षण किया। अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान यहां एक्सपायरी दूध मिला। डेयरी में पनीर तैयार करने वाले स्थान पर भी साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। टीम ने दूध और पनीर के नमूने एकत्र किए। अधिकारियों ने तैयार पनीर और अन्य संदिग्ध खाद्य सामग्री को नष्ट कराने के निर्देश भी दिए। जांच के दौरान खाद्य सामग्री तैयार करने में पाम ऑयल के इस्तेमाल की बात भी सामने आई। डेयरी संचालक जगमोहन ने बताया कि उनकी फैक्ट्री में दूध, दही और पनीर का उत्पादन किया जाता है। उन्होंने एनालॉग पनीर बनाने से इनकार किया। संचालक के अनुसार निरीक्षण के दौरान विभाग की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए तैयार पनीर को नष्ट करने की कार्रवाई की गई।

मुस्कान फैक्ट्री में सोनपापड़ी मैसूर पाक और पेड़ा की जांच

बैकुंठ धाम स्थित मुस्कान फैक्ट्री में साफ-सफाई और खाद्य सामग्री के रखरखाव को लेकर कमियां सामने आईं। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में सोनपापड़ी, मैसूर पाक और पेड़ा तैयार रखे गए थे। टीम ने मौके पर तैयार मिठाइयों के नमूने लिए और संदिग्ध खाद्य सामग्री को नष्ट कराने के निर्देश दिए।

डेढ़ क्विंटल लड्डू को नष्ट करने के दिए निर्देश

खाद्य विभाग की टीम ने गुप्ता जी लड्डू फैक्ट्री का भी निरीक्षण किया। यहां अन्य प्रतिष्ठानों की तुलना में स्थिति बेहतर बताई गई, लेकिन साफ-सफाई की व्यवस्था को संतोषजनक नहीं पाया गया। अधिकारियों ने संचालक को तत्काल स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में करीब डेढ़ क्विंटल लड्डू तैयार रखे हुए थे। अधिकारियों ने इन लड्डुओं को भी नष्ट कराने के निर्देश दिए।

दशहरा मैदान वैशाली नगर में नशीली दवाओं का कारोबार करते दो गिरफ्तार, 89 गोलियां और पांच हजार रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सूखे नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए दुर्ग पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना वैशाली नगर पुलिस ने दशहरा मैदान क्षेत्र में नशीली गोलियों की अवैध बिक्री की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से अल्प्राजोलम 0.5 एमजी की कुल 89 गोलियां एवं 5,000 रुपए नकद बरामद किए गए। प्रकरण में नशीली दवाओं की आपूर्ति के स्रोत तथा अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में जांच जारी है। आरोपियों में विनोद तिवारी से 59 और अमित नाग से 30 गोलियां मिलीं। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा



रही है। दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस ने बताया कि 22 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दशहरा मैदान वैशाली नगर क्षेत्र में दो व्यक्ति नशीली गोलियां रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई और मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की गई। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा, जिनकी पहचान विनोद तिवारी एवं अमित नाग उर्फ भांचा के रूप में हुई। पुलिस द्वारा नियमानुसार तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी विनोद तिवारी के कब्जे से अल्प्राजोलम 0.5 एमजी की 59 गोलियां एवं 3,000 नकद तथा आरोपी अमित नाग उर्फ भांचा के कब्जे से 30 गोलियां एवं 2,000 नकद बरामद किए गए। इस प्रकार दोनों आरोपियों से कुल 89 नशीली गोलियां एवं 5,000 नकद बरामद किए गए। आरोपियों में विनोद उम्र 45 वर्ष सावूदनगर शासकीय कैंप स्कूल के पास और अमित नाग उर्फ भांचा उम्र 28 वर्ष ईडु टेक्निकल के सामने पावर हाउस का रहने वाला बताया गया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

स्कूटी चोरी करने वाला भेजा गया जेल

भिलाई। सेक्टर-5 निवासी प्राची ने सुपेला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 नवंबर 2025 को वह अपने घर का सामान लेने स्कूटी सीजी 07 बीयू 8781 से सुपेला आई थी। अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्कूटी चोरी कर ली गई थी। मामले में आरोपी सुनील कुमार महार उम्र 21 वर्ष रमन मोहल्ला उड़िया पारा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आपसी रंजिश के कारण युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। मोहन नगर थाना अंतर्गत वाम्बे आवास उरला में आपसी रंजिश के कारण युवक की हत्या हो गई। मृतक का नाम उरला आवास निवासी बहादुर सिंह सोनी उर्फ शिवा उम्र 19 वर्ष बताया गया है। मामले में पुलिस ने हरनाबांधा निवासी लक्ष्मीनारायण सारथी (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 22 अक्टूबर की है। सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के पास शिव बहादुर सिंह सोनी उर्फ शिवा उम्र 19 वर्ष, निवासी बांबे आवास उरला, जिला दुर्ग पर धारदार हथियार से हमला किए जाने की घटना हुई। हमले में



गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर थाना मोहन नगर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले की जांच प्रारंभ की। पुलिस टीम द्वारा त्वरित पतासाजी कर घटना के चंद घंटों के भीतर आरोपी लक्ष्मी नारायण सारथी, उम्र 20 वर्ष निवासी हरनाबांधा को पकड़ लिया गया। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।



खबर संक्षेप



आसपास सफाई रखने को लेकर किया जागरूक

दुर्ग। भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय में भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग एवं भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय के निर्देश पर 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान 6.0 चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना तथा लंबित मामलों को न्यूनतम करना है। अभियान के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता से विशेष अभियान 6.0 के दौरान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तथा चिन्हित ई-कचरे के नियमानुसार निस्तारण की प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मंडल कार्यालय द्वारा इस अभियान के माध्यम से स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं कार्यकुशल कार्यालयीन वातावरण विकसित करने तथा लंबित कार्यों के समयबद्ध निस्तारण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

27 को जिला परामर्श दात्री समिति की बैठक

दुर्ग। जिले में वित्तीय एवं बैंकिंग सेवाओं की समीक्षा के लिए 27 अक्टूबर को शाम 5 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की 195वीं बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा की जाएगी। अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय गर्ग द्वारा जारी निर्देशानुसार, सभी बैंकों के जिला बैंक समन्वयकों की इस बैठक में उपस्थिति अनिवार्य की गई है। पिछली बैठकों में कुछ समन्वयकों की गैर-मौजूदगी पर कलेक्टर एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई थी तथा अनुपस्थित अधिकारियों के नियंत्रक कार्यालयों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए थे। बैठक के मुख्य बिंदु साख जमा अनुपात और वार्षिक साख योजना की प्रगति। किसान क्रेडिट कार्ड, शिक्षा ऋण आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

10 करोड़ से मालवीय चौक से जेल तिराहा तक मार्ग का होगा चौड़ीकरण

शिक्षामंत्री और स्थानीय विधायक गजेंद्र यादव की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों के सुगम आवागमन हेतु दुर्गवासियों को बड़ी सौगात मिली है। शासन से स्वीकृत 10 करोड़ की राशि से मालवीय चौक से जेल तिराहा तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से स्वीकृत इस सड़क निर्माण कार्य से शहर के प्रमुख मार्ग पर यातायात का दबाव कम करने और आवागमन को अधिक सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी।

कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के सुशासन में दुर्ग शहर में आधारभूत सुविधाओं और सड़क नेटवर्क का लगातार विस्तार हो रहा है। जिला मुख्यालय होने के कारण दुर्ग में जिलेभर से नागरिकों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में शहर की बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या को देखते हुए यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना आवश्यक है। मालवीय चौक से जेल तिराहा तक फोरलेन सड़क बनने से इस मार्ग पर आवागमन अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगा और नागरिकों को राहत मिलेगी।

बोरसी, पुलगांव रोड, आईएमए चौक पर भी फोरलेन

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए चार स्थानों पर फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृति पूर्व में मिल चुकी है। इनमें बोरसी से महाराजा चौक तक तथा जेल तिराहा से मिनीमाता चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इन सड़कों के निर्माण से शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव कम करने, आवागमन को सुचारु बनाने और नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा आईएमए चौक धमधा नाका से अग्रसेन चौक तक करीब 480 मीटर सड़क को भी फोरलेन किया जा रहा है। इसके अलावा राजेंद्र पार्क से ग्रीन चौक होते हुए आईएमए चौक तक भी सड़क का चौड़ीकरण होना है।



मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से बदल रही दुर्ग की तस्वीर

दुर्ग शहर में लगातार हो रहे विकास कार्यों से नागरिक सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य से शहर के विकास को नई गति मिलेगी। मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्गवासियों की जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है। उनका संकल्प है कि दुर्ग शहर को बेहतर सड़क, सुगम यातायात और आधुनिक विकसित बनाया जाए। इधर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग हिस्सों में सड़क चौड़ीकरण की कार्ययोजना बनाई है। उनकी भी स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही काम शुरू होना है।

15 नवंबर से धान खरीदी को लेकर तैयारियां शुरू, नई नीति को लेकर सुगबुगाहट

102 के बजाए 123 केंद्रों में होगी धान की खरीदी, खुलेंगे 21 नए सेंटर, चार संग्रहण केंद्रों में रखा जाएगा धान

एमएसपी प्रति क्विंटल 2369 से बढ़कर हुआ 2441, बोनस राशि बढ़ने के भी आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। इस बार प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और खरीदी पूरी तरह पारदर्शी हो। जिले के प्रत्येक धान खरीदी केंद्र पर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो केंद्र की गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे। ये अधिकारी स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी होंगे और उनकी नियुक्ति कलेक्टर अभिजीत सिंह करेंगे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 15 नवंबर से धान की खरीदी होनी है। इसे लेकर मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आगामी दिनों में समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला विपणन, खाद्य विभाग और जिला सहकारी बैंक के माध्यम से धान खरीदी की तैयारी की गई है। इसके अलावा कृषि विभाग, राजस्व विभाग स्थल सर्वे से लेकर अन्य जरूरी कार्य देख रहे हैं। एग्रीस्टेक में पंजीयन के आधार पर खरीदी होनी है। इस बार जिले में 21 नए खरीदी केंद्र खोले जाएंगे। अब तक 102 केंद्रों के माध्यम से खरीदी होती थी। पहली बार 21 नए सेंटर और खुल रहे हैं, इस प्रकार 123 केंद्रों में धान की खरीदी होगी। इस आधार पर धान खरीदी को लेकर तैयार की जा रही है।

जिले के खरीदी केंद्रों की व्यवस्था और पारदर्शिता बनाने के लिए काम किया जा रहा है। खास ध्यान जिले के बॉर्डर के गांवों पर रहेगा, ताकि किसान किसी अन्य जिले या प्रदेश के धान को यहां न बेच सकें। साथ ही, केंद्रों में धान तौल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने की व्यवस्था की जाएगी। अनुमान है कि धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगी। हालांकि अब तक शासन स्तर पर नई नीति का निर्धारण नहीं हो पाया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने सभी केंद्रों की सफाई, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। इसे भारत सरकार के एग्रीस्टेक और राज्य सरकार के एकीकृत किसान पोर्टल पर करना होगा। जिले में करीब 1.10 लाख से ज्यादा किसान हैं।



अक्टूबर के अंतिम सप्ताह के आते तक जिले में लगभग सभी जगहों पर धान की फसल पकने लगी है।

समर्थन मूल्य 2369 से बढ़कर हुआ 2441 रुपए, जुड़ेगा बोनस

अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। इस बार 2441 रुपए में धान खरीदने की तैयारी की जा रही है। इसके ऊपर बोनस या अन्य प्रोत्साहन की राशि का निर्धारण राज्य शासन स्तर पर किया जाना है। पिछली बार 2369 रुपए में धान की खरीदी की गई। इसके ऊपर प्रोत्साहन राशि अलग से दी गई। इस प्रकार करीब 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से दिया गया था। खरीदी केंद्रों में धान को रखने के पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके अलावा 4 संग्रहण केंद्रों का भी निर्धारण किया जाना है। इसमें कोड़िया, जेवरा, अरसनारा और सेलूद केंद्र शामिल हैं। इन सेंटरों में समितियों से धान लाकर रखने के इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रारंभिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। नए खरीदी केंद्रों में धनोरा, जरवाय, सिकोला, करेली, पेंड्री, दारगांव, नंदवाय, हिरेतरा, भाटा कोकड़ी, सिल्ली, बोरवाय, अरमरीखुर्द, उरला, महकाखुर्द, ढौर, अरसनारा, धौराभाटा, दमोदा, गनियारी, नंदिनी-खुंदनी, सेमरिया, खजरी, कातरो, दनिया, पथरिया, पुरदा, अरसी, असोगा, सुरडुंग, मलपुरी, मेड़ेसरा शामिल हैं।

123 केंद्र, जहां होगी धान की खरीदी

जिले में इस बार 123 खरीदी केंद्र बनाए गए है। उनमें अंडा, अरमरीखुर्द, अरसनारा, अरसी, असोगा, अहेरी, अहिवारा, आलबरस, उतई और खोपली, उरला, ओटेबंद, औंधी, कुथरेल, कन्हारपुरी, कुम्हली, कुम्हारी, करेंजा भिलाई, कुर्मीगुंडरा, करेली, केसरा, कातरो, कोड़िया, कोलिहापुरी, कोहका, खजरी, खिलौराकला और तुमाकला, गनियारी, गाड़ाडीह, गोढ़ी, घुघवा, घोटवानी, घोठा, चंदखुरी, छोटे पुरदा, जमराव, जरवाय, जामगांव आर, जामगांव एम, झींट, टेमरी (नगपुरा), ठेंगाभाट, डगनिया, डीडाभाठ, डोढ़की, ढौर, तर्रा, तेलीगुंडरा, तिरगा, थनौद, दनिया, दमोदा, देवरी (धमधा), दारगांव, धनोरा, धमधा, धौराभाठा, नगपुरा, नंदिनी-खुदनी, नंदवाय, नंदौरी, ननकट्टी, नवागांव, नारधा, निकुम, निपानी (जामगांव), पथरिया, पंदर, पेड़ावन, पेंड्री, पहडोर और घुघवा, पाटन, पाहरा, फेकारी, फुंडा, बटंगा, बटरेल, बठेना, बरहापुर, बेल्हारी, बिरेझर, बोरवाय, बोरिद, बोरी, बोरीगारका, भेड़सर, भरर, भाठाकोकड़ी, भिलाई-तीन, मचांदुर, मेड़ेसरा, मुरमुंदा, मर्रा, मलपुरी कला, महकाखुर्द, मांटरा, मोहरेंगा, रसमड़ा, रहटादाह, राजपुर, रिसामा, रौंदा, लिटिया, लिमतरा, सेमरिया, सुरडुंग, सुरपा, सेलूद, सांकरा, सांतरा, सावनी, सिकोला, सिरसा और कचांदुर, सिल्ली, सोनपुर, सोरम, हिरेतरा, हिरी शामिल हैं।

कोड़िया संग्रहण केंद्र लगातार रहा विवादों में

बता दें कि जिले में धान खरीदी को लेकर कोड़िया संग्रहण लगातार विवादों में रहा है। धान खरीदी केंद्र में धान में मिट्टी मिलाए जाने की घटना सामने आई थी। मामले में जांच भी हुई, लेकिन मामले को बाद में लीपापोती कर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसके बाद पिछले साल धान खरीदी केंद्र में आग लगने की घटना सामने आई। धान जलकर खाक हो गया। इसके बाद कलेक्टर ने मामले में जांच के निर्देश दिए, लेकिन जांच रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं हुई। धान शॉर्टेज को लेकर लगातार केंद्र की शिकायत मिलर्स द्वारा की जाती रही है। बावजूद इसके अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। वर्तमान में पुनः यहां संग्रहण केंद्र बनाए जाने की तैयारी की गई है, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया है।

मास्टर ट्रेनरों को दिया जा चुका है प्रशिक्षण

मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों को ट्रेनिंग दी जानी है। शासन स्तर पर धान खरीदी नीति तैयार की जा रही है। जल्द ही घोषणा होनी है। इसके अनुरूप हमारे द्वारा तैयारियां की जा रही है।
-राहुल कुमार, डीएमओ दुर्ग

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान पहुंचाया जा रहा गांव-गांव तक



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार देश में लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक आयोजित की गई। प्रदेश प्रभारी एवं सांसद सुखदेव भगत जी ने प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं विभिन्न जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों से संवाद कर अभियान की प्रगति, अब तक आयोजित कार्यक्रमों तथा आगामी चरण की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत जी सहित प्रदेश कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं जिला अध्यक्ष जुड़े रहे। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भी सहभागिता निभाई। राकेश ठाकुर ने जानकारी दी कि कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा, बाइक रैली, साइकिल रैली, विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने तथा जनसंपर्क एवं पर्चा वितरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आम नागरिकों तक अभियान का संदेश पहुंचाया है। पाटन, जामगांव आर, दुर्ग ग्रामीण, धमधा, अहिवारा, कुम्हारी, जामुल एवं भिलाई-3 चरोदा सहित विभिन्न क्षेत्रों में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई है। उन्होंने जानकारी दी कि गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ स्तर तक पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। तीसरे चरण की तैयारियों के संबंध में भी अपना सुझाव रखते हुए कहा कि अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संगठन के सभी स्तरों पर जिम्मेदारियां निर्धारित करना, नियमित बैठकें आयोजित करना, जनसंपर्क बढ़ाना तथा प्रत्येक क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य लोकतंत्र एवं संविधान की मूल भावना की रक्षा करना और प्रत्येक मतदाता के मत की स्वतंत्रता तथा गरिमा को सुरक्षित रखने के लिए जनजागरण करना है।

मतदाता सूची का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन राजनीतिक दलों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरीय निकाय निर्वाचन-2026 अंतर्गत मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। कलेक्टर ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर 2026 को निकायों में किया गया है, जहां आगामी निर्वाचन होना है। इसके साथ ही दावे तथा आपत्ति प्राप्त करने के कार्य शुरू है। दावे आपत्ति 30 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किये जाएंगे। दावे आपत्तियों का निपटारा 3 नवम्बर तक किया जाएगा। दावा आपत्ति निराकरण के बाद निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 30 नवम्बर को किया जाएगा। जानकारी दी गई कि नगर पालिक निगम भिलाई, रिसाली एवं नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा तथा नगर पालिका परिषद जामुल अंतर्गत 170 वार्डों में 744 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। उक्त नगरीय निकायों में 507704 मतदाता हैं। राजनीतिक दलों को प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर की तिथि में मतदाताओं की संख्या और एसआईआर 21 फरवरी 2026 के अनुसार मतदाताओं की संख्या तथा 01 अक्टूबर 2026 की तिथि में पूरक मतदाताओं की संख्या से भी अवगत कराया गया। विशेष पुनरीक्षण एसआईआर पश्चात 21 फरवरी 2026 की स्थिति में नगरीय निकाय में मतदाताओं की संख्या भी जानकारी दी गई। इसी प्रकार प्रपत्र प्रारूप क, प्रारूप-ग-1, प्रारूप-ख एवं प्रारूप ग के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में राजनीतिक दलों से भी सुझाव लिये गये तथा उनके शंकाओं का समाधान किया गया। बैठक समाप्ति पश्चात

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पर संगोष्ठी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग में 24 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में नागरिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। आयोजित संगोष्ठी में बलदाऊ राम साहू एवं शताब्दी पांडेय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में लोकतंत्र, वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों तथा सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन में अराजकता से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्ग जिले के विभिन्न नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। आयोजकों ने प्रभु जनों एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर संगोष्ठी को सफल बनाने की अपील की है।

लीकेज का हुआ संधारण, राइजिंग पाइप को किया जाम

दुर्ग। धमधा नाका से आदित्य नगर सड़क पर शक्तिनगर मोड़ के पास लीकेज का संधारण अंततः कर लिया गया है। लीकेज को सुधारकर राइजिंग पाइप को जाम कर दिया गया है। वहीं गड्ढे में गिट्टी और डस्ट डाल दिया गया है। आसपास आप भी सुरक्षा घेरा बनाकर रखा गया है, वहीं मलबा सड़क किनारे पड़ा हुआ है। बता दें कि यह शक्तिनगर को जोड़ने वाली प्रमुख पाइपलाइन है। इस लाइन में पिछले लंबे समय से लीकेज था। 10 दिन पहले निगम के जलकार्य विभाग ने लीकेज सुधारने के लिए गड्ढा खोदा, मेंटेनेंस का काम भी कराया गया, लेकिन गड्ढे को खुला छोड़ दिया गया था। हालांकि आसपास सुरक्षा घेरा बनाया गया था। मुख्य सड़क होने की वजह से 24 गड्ढे मार्ग से लोगों की आवाजाही बनी रहती है। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से दिखाया, इसके बाद निगम के जलकार्य विभाग ने तत्काल मेंटेनेंस का काम पूरा कर गड्ढे को बंद किया। साथ ही सड़क पर बने अन्य लीकेजों को सुधारा।



आयुक्त ने एसटीपी, केनाल रोड, मल्टीलेवल पार्किंग का किया निरीक्षण

मल्टी लेवल पार्किंग का काम बंद, आयुक्त ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग की आयुक्त लीना कोसम ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का मॉर्निंग विजिट कर निर्माण कार्यों की प्रगति, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंदिरा मार्केट पुराने बस स्टैंड के समीप निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग सहित साइंस कॉलेज स्थित केनाल रोड, उरला साइट, मुक्तिधाम एवं एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मल्टीलेवल पार्किंग को लेकर काम बंद होने पर नाराजगी व्यक्त की। इस पर अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि बारिश की वजह से काम रुका हुआ था। भूजल स्तर ज्यादा होने की वजह से गड्ढा खोदने में पानी परेशानी हो रही है। 13 फीट तक गड्ढा खोदा गया है, जिसकी पानी की निकाली लगातार की जा रही है। इंदिरा मार्केट पुराने बस स्टैंड के समीप स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। कार्यों में तेजी लाते हुए शेष निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि मैदानी स्तर पर भी उसका प्रभाव दिखाई देना चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी नियमित रूप से कार्यों की मॉनिटरिंग करें तथा निर्माण की गुणवत्ता और तय समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें।

- कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश



17 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा मल्टीलेवल पार्किंग

बता दें कि इंदिरा मार्केट में करीब 17 करोड़ रुपए की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। चार फ्लोर में निर्माण होना है। इसमें करीब 230 चार पहिया वाहनों के पार्किंग के इंतजाम होंगे। इतना ही नहीं 11 दुकानों का भी निर्माण किया जाना है। डेढ़ साल के अंदर काम पूरा होना है। दुर्ग शहर में अपनी तरह की यह पहली मल्टीलेवल पार्किंग है, जिसे रायपुर में बनी मल्टीलेवल पार्किंग की तर्ज पर बनाया जा रहा है। आगामी दिनों में इसमें दो पहिया वाहनों की भी पार्किंग के इंतजाम की तैयारी है। चार फ्लोर में वाहनों को खड़ा किया जा सकेगा। इसमें बेसमेंट के अलावा ग्राउंड, फर्स्ट और सेकंड फ्लोर में वाहन खड़े किए जाएंगे।

विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, होगी कार्रवाई

आयुक्त लीना कोसम ने साइंस कॉलेज स्थित केनाल रोड, उरला साइट, मुक्तिधाम और एसटीपी का निरीक्षण कर वहां संचालित कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। जहां कार्यों की गति धीमी है, वहां आवश्यक कदम उठाकर प्रगति में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि शहर के विकास कार्यों को समय पर पूरा करना निगम प्रशासन की प्राथमिकता है। निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी,लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और लंबित कार्यों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, भवन अधिकारी प्रकाश चंद्र थवानी, सहायक अभियंता



दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-

श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।

माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

खबर संक्षेप



डुंडेरा उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और नियमित स्टाफ की नियुक्ति की मांग

उतई। रिसाली निगम क्षेत्र के वार्ड डुंडेरा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में नियमित डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की मांग तेज हो गई है। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताया कि सीएचओ की नियुक्ति हटने और नर्सों की ड्यूटी अन्य कार्यों में लगने से केंद्र अक्सर बंद रहता है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। उन्होंने जल्द नियमित स्टाफ और स्वास्थ्य सेवाएं बहाल करने की मांग की है।

लोकार्पण कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का किया उल्लंघन : प्रमोद सिंह

कुम्हारी। नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह राजपूत ने विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया है कि नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा गुरुवार को आयोजित लोकार्पण के कार्यक्रम में



घोर अनियमितता और प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है। नगर पालिका के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष, सभी वार्ड पार्षदों, विधायक प्रतिनिधि एवं अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गई, और न ही आमंत्रित किया गया। उनका कहना है कि नियमानुसार नगर पालिका के किसी भी शासकीय कार्यक्रम में उपाध्यक्ष, पार्षदों और जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाना प्रोटोकॉल में है। लेकिन अध्यक्ष और सीएमओ द्वारा जानबूझकर इस नियम की अनदेखी की गई है। यह न सिर्फ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक परंपरा के विरुद्ध भी है। लोकार्पण जैसे सार्वजनिक कार्यक्रम सभी के सहयोग से होना चाहिए, न कि चंद लोगों तक सीमित रखकर। उन्होंने कहा कि बे इस पूरे मामले की कड़ी निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो, तथा दोषी अधिकारियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने इस बात की जानकारी दुर्ग कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, दुर्ग लोकसभा सांसद एवं पाटन विधायक को भी दी है।

खपरी में कल मनेगा दशहरा उत्सव

अण्डा। दुर्ग के समीपस्थ ग्राम खपरी (सिलोदा) में 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्रीराम दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्रीराम दशहरा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। समिति के अनुसार, शाम 7 बजे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन और हनुमान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात 8 बजे अतिथियों का स्वागत-सम्मान होगा। रात 8.30 बजे रामलीला मंचन के बाद रावण दहन किया जाएगा।

महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार सामूहिक प्रयासों से संभव



कुम्हारी। स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की बैठक प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नैक मूल्यांकन की तैयारी, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और कौशल संवर्धन पर चर्चा की गई। नपा अध्यक्ष मीना वर्मा, उद्योग प्रतिनिधि पंकज सोनी और डॉ. भावना जैन ने भी अपने विचार रखे। आईक्यूएसी संयोजक श्वेता दवे ने नैक की तैयारियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान विज्ञान के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक मॉडलों का प्रदर्शन किया।

प्रमाणित धान बीज में खराबी से किसानों को लाखों का हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन



प्रमाणित धान बीज में खराबी के कारण फसल बर्बाद होने का आरोप लगाते हुए पाटन के दो किसान ने कृषि विभाग से जांच कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस संबंध में किसान राकेश वर्मा और मान सिंह वर्मा ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाटन को राज प्रधान मनवा कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल के नेतृत्व में लिखित आवेदन सौंपा है।

आवेदन के अनुसार आवेदकों ने अपने कृषि भूमि में प्रमाणित धान बीज रियल रोजी लॉट नंबर 0202502SSS10 R-12 का उपयोग किया था। किसान ने बताया कि 5 जून 2025 को लक्ष्मी कृषि केंद्र एवं बीज भंडार पाटन से बीज खरीदकर लगभग 3.5 एकड़ खेत में बोआई की थी। इसके अतिरिक्त 3.5 एकड़ खेत में अन्य बीज बोया गया था।

किसान का आरोप है कि रियल रोजी कंपनी के बीज से लगी फसल में बालियां नहीं आईं और पूरी फसल खराब हो गई। इसकी सूचना संबंधित फर्म, लक्ष्मी कृषि केंद्र एवं बीज भंडार पाटन तथा रियल रोजी कंपनी को दी गई। किसान के मुताबिक कंपनी के प्रतिनिधियों ने तीन बार खेत का निरीक्षण किया और बीज खराब होने की बात स्वीकार की, लेकिन अब तक फसल नुकसान का मुआवजा देने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। किसान ने आवेदन में कहा है कि बीज की खराबी के कारण उसे लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। उसने कृषि विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, बीज की गुणवत्ता की पुष्टि करने तथा नियमानुसार जिम्मेदार पक्ष के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

अब कृषि विभाग की जांच और कार्रवाई पर किसान की नजरें टिकी हैं। हालांकि, बीज कंपनी का पक्ष और कृषि विभाग की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान

मितानिनों की घर-घर दस्तक, 15 साल से कम उम्र के 37 बच्चों में सिकलसेल की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई क्षेत्र के गांवों में की जा रही स्क्रीनिंग



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई अंतर्गत आने वाले विभन्न ग्रामों में लगातार स्क्रीनिंग किया जा रहा है। जिसमें 15 साल के कम उम्र के 37 बच्चों की पहचान की गई है। विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान के इन बच्चों की लगातार देख रेख किया जा रहा है। विभाग की ओर से जारी 9 माह की रिपोर्ट (जनवरी से सितंबर तक) के अनुसार कुल 37 बच्चों में सिकल सेल के लक्षण पाए गए, जिन्हें समय पर चिन्हित कर काउंसलिंग और उपचार से जोड़ा गया है।

रिपोर्ट के अनुसार सबसे राहत की बात यह है कि गंभीर श्रेणी (एसएस) का केवल 1 मामला ही सामने आया है, जो अगस्त माह में मिला। शेष 36 बच्चे वाहक (एएस) श्रेणी के हैं, जिन्हें भविष्य में सतर्कता और नियमित जांच की सलाह दी गई है।

सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक रोग है और बच्चा इसे माता-पिता के जरिए ही लेकर आता है। हर व्यक्ति को अपने माता-पिता के माध्यम से एक जीन मिलता है, अर्थात हर व्यक्ति में दो जीन होते हैं एक माता के द्वारा जबकि दूसरा पिता के द्वारा प्राप्त होता है। जब तक खून की जांच न करवाई जाए तब तक इस रोग की जानकारी नहीं मिलती। सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में सिकल सेल रोगी या परिवार को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगनबाड़ी मितानिन दीदियों के सहयोग से लोगों को सिकिल सेल के लिए जन जागरुकता बढ़ा रहे जिस वजह से अब ग्रामीण क्षेत्रों के लोग जगरूक होकर स्वयं आगे आकर अपने बच्चों की जांच करा रहे हैं।

सिकलसेल रिपोर्ट (15 वर्ष से नीचे)

माह/सिक.	सिक. पॉजीटि		टोटल
	एएस	एसएस	
जनवरी	8	0	8
फरवरी	0	0	0
मार्च	2	0	2
अप्रैल	4	0	4
मई	5	0	5
जून	2	0	2
जुलाई	0	0	0
अगस्त	8	1	9
सितंबर	7	0	7

समय-समय पर सिकलिन की दवा दे रहे

“ मितानिन दीदी की मदद से मेरे बेटे का जांच कराया तब पता चला कि मेरे बच्चे को छोटा सिकलिन है उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां पर उन्हें समय-समय पर सिकलिन की दवा दिया जाता है। अभी मेरा बेटा बेहतर है उसे कोई किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है।

राजा यादव, पालक

सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी

“ सिकल सेल बीमारी एक अनुवांशिक बीमारी है जो दो प्रकार के होते है पहला एएस और दूसरा एसएस। एएस में मरीज स्वस्थ जीवन जीता है । 40% से ऊपर वाले मरीज को एसएस के श्रेणी में रखा जाता है जिसका स्वस्थ्य विभाग द्वारा विकलांगता प्रमाण पत्र भी बनाया जाता है। इलाज उपयोग में आने वाली दवाई फोलिक एसिड हाड्रो एसिड दवाई सभी स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक केंद्र सीएनसी जिला अस्पताल में उपलब्ध जिसे मरीज का एचबी जांच कर नि:शुल्क दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं मितानिन द्वारा इन मरीजों को निगरानी में रखते हैं व समय-समय पर नजदीकी स्वास्थ्य के केंद्र में नियमित जांच करवाने तथा जरूरत पड़ने पर जिला अस्पताल जाने की सलाह दिया जाता है। सिकल सेल को राष्ट्रीय कार्यक्रम में लिया जाता है।

डॉ. डी.के बेलचंदन, बीएमओ निकुम

आपसी सौहार्द की अनूठी मिसाल 'अंगद' का किरदार निभा रहे हैं फिरोज खान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

दुर्ग जिले के ग्राम सेलूद में इन दिनों विजय दशमी और दशहरा उत्सव का माहौल पूरी भव्यता के साथ परवान चढ़ रहा है। यहाँ आयोजित होने वाले पारंपरिक दशहरा उत्सव में हर साल एक ऐसी अनूठी तस्वीर देखने को मिलती है, जो देश भर के

■ रामलीला में आपसी सद्भाव का दे रहे संदेश

लिए गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करती है।

दशहरा उत्सव समिति सेलूद के तत्वावधान में आयोजित होने वाली रामलीला में धार्मिक सीमाओं से परे जाकर आपसी सद्भाव का संदेश दिया जा रहा है। गांव के ही निवासी फिरोज खान पिछले कई वर्षों से लगातार रामलीला मंचन में रावण की सभा में प्रभु श्रीराम के दूत बनकर जाने वाले वीर और पराक्रमी पात्र 'अंगद' का मुख्य पाठ बेहद शानदार ढंग से निभाते आ रहे हैं।

कला और आस्था का अद्भुत संगम

ग्रामीणों और समिति के सदस्यों का कहना है कि कला का कोई मजहब नहीं होता और फिरोज खान ने इस बात को जमीनी स्तर पर चरितार्थ कर दिखाया है। मंच पर जब वे अंगद के किरदार में उतरते हैं, तो उनके संवाद अदायगी और अभिनय का अंदाज दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। रावण के दरबार में अपने पैर को मजबूती से जमाने वाले अंगद के पौराणिक प्रसंग को वे जिस शिद्दत और ऊर्जा के साथ निभाते हैं, उसे देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचते हैं।

कौमी एकता का केंद्र बनता है सेलूद का दशहरा

ग्राम सेलूद का यह दशहरा उत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह यहां की सामाजिक एकजुटता और आपसी सौहार्द का बड़ा प्रतीक बन चुका है। हिंदू और मुस्लिम समुदाय के आपसी सहयोग से संपन्न होने वाला यह आयोजन आपसी भाईचारे के उस ताने-बाने को मजबूत करता है, जो भारतीय संस्कृति की असली पहचान है।स्थानीय नागरिकों और दशहरा उत्सव समिति का मानना है कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को मिलजुलकर रहने और एक-दूसरे की संस्कृति व कला का सम्मान करने की प्रेरणा देते हैं। फिरोज खान की यह सहभागिता सेलुद को पूरे क्षेत्र में एक मिसाल के रूप में स्थापित करती है, जहां कला और भक्ति ने सभी दीवारों को पार कर सिर्फ मानवता और अपनेपन का संदेश दिया है।

नगपुरा में 4.80 लाख के तीन सांस्कृतिक मंचों का विधायक ललित ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत नगपुरा में विकास कार्यों को नई गति मिली। क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने जनपद अध्यक्ष मद से स्वीकृत 4.80 लाख

■ विधायक चंद्राकर ने कॉलेज भवन निर्माण का भी दिया भरोसा

रुपए की लागत वाले तीन सांस्कृतिक मंचों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब संस्कृति और सभ्यता को साथ लेकर आगे बढ़ा जाए। उन्होंने नगपुरा में आगामी समय में कॉलेज भवन का निर्माण कराने का भी भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर हवन में आहुति दी। इसके बाद विभिन्न निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष कुलेश्वरी सुकदेव देवांगन ने की। जनपद अध्यक्ष मद से स्वीकृत इन तीनों कार्यों पर कुल 4.80 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इनमें तीन दर्शन मंदिर के पास दो लाख रुपये की लागत से मंच निर्माण, भाठापारा में नंदू ढीमर के घर के पास 1.80 लाख रुपये की लागत से मंच निर्माण तथा भाठापारा में गणेश पांडेय के घर के पास एक लाख रुपये की लागत से मंच निर्माण शामिल है। जनपद पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने कहा कि नगपुरा उनका अपना गांव है। यह उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि है। इसी गांव ने उन्हें जनपद अध्यक्ष के रूप में सेवा करने का अवसर दिया है। इसलिए गांव के विकास में कोई कमी नहीं रहने देंगी। उन्होंने कहा कि जनपद अध्यक्ष मद से तीन सांस्कृतिक मंचों का भूमिपूजन होना गांव के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम में जिला मंत्री गिरेश साहू, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, उपसरपंच नरेंद्र निषाद, संरक्षक संदीप चंद्राकर, पूर्व सरपंच सुखदेव देवांगन, वसंत साहू, राम सिन्हा सहित पंचायत प्रतिनिधि, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्वती सेन, खुशबू जैन, खिलेंद्री साहू, आशा साहू, सुदीश चंद्राकर, दीप्ति कछोटी, भुनेश्वरी साहू, हरिशा यादव, आरती यादव, रामेश्वरी यादव, जुगा साहू, शंकर राउत आदि मौजूद थे।

पत्रकार परिवार को न्याय दिलाने के लिए श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



■ एएसपी शोभराज अग्रवाल से मिला पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल, निष्पक्ष जांच की मांग

कुम्हारी में विगत 19 अक्टूबर 2026 को हुई घटना के संबंध में पीड़ित पत्रकार परिवार को न्याय दिलाने और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की ब्लॉक इकाई कुम्हारी, प्रेस क्लब कुम्हारी और जिला इकाई दुर्ग के पदाधिकारियों तथा पत्रकारों ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के उचित मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, दुर्ग शहर, शोभराज अग्रवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पूरे मामले से संबंधित अपनी चिंताओं से अवगत कराया और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की ब्लॉक इकाई कुम्हारी के सक्रिय सदस्य और नई दुनिया समाचार पत्र के पत्रकार अनुज शुक्ला के छोटे भाई अंकित शुक्ला से जुड़ा है, जो टिम्बर व्यवसाय से जुड़े हैं। बताया गया है कि वाहन किराए को लेकर दुकान पर विवाद हुआ था, जिसके बाद मामला थाने तक पहुंचा। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने मांग की कि प्रकरण से संबंधित दुकान और थाना परिसर के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखे जाएं, एफआईआर में दर्ज तथ्यों की साक्ष्यों के आधार पर समीक्षा की जाए और पीड़ित पक्ष को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया जाए। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य किसी व्यक्ति पर एकतरफा आरोप लगाना नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच के माध्यम से वास्तविक तथ्यों को सामने लाना और पीड़ित परिवार का न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा बनाए रखना है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की ब्लॉक इकाई कुम्हारी, प्रेस क्लब कुम्हारी और जिला इकाई दुर्ग के पदाधिकारी तथा पत्रकार उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पत्रकारिता जगत से जुड़े परिवार को न्याय दिलाने के लिए संगठन लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से अपनी बात पुलिस प्रशासन के समक्ष रखता रहेगा। इस मौके पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष ललित साहू, जिला सलाहकार दिनेश पुरवार, जिला मुख्य सलाहकार एवं प्रेस क्लब कुम्हारी के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य नरेश विश्वकर्मा, अनुज शुक्ला, डॉ. मोहन आनंद आदि मौजूद थे।

धोबी समाज के विकास में सहयोग करेगी ओडिशा सरकार : सूरज सूर्यवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर का उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में समाजजनों द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। छत्तीसगढ़ धोबी समाज के पदाधिकारी समाज के राष्ट्रीय नेता एवं नवनियुक्त राज्यपाल बृजमोहन राम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए उड़ीसा पहुंचे थे। इस दौरान उड़ीसा धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सेठ एवं महासचिव दिलीप निर्मलकर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सूरज निर्मलकर को रजक ताज से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उड़ीसा सरकार के कैबिनेट मंत्री सूरज सूर्यवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सूरज सूर्यवंशी ने कहा कि धोबी समाज को अब उपेक्षित नहीं रहने दिया जाएगा। समाज के विकास एवं उत्थान के लिए उड़ीसा सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार को आमंत्रित करने के निर्णय का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल बृजमोहन राम के नेतृत्व में समाज का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री को राष्ट्रीय अधिवेशन में आमंत्रित करने का प्रयास करेगा।



हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



कोलकाता के कलाकारों के साथ...

लाइव इवेंट

भारत स्वाद मंथन में 40 प्रतिभागियों ने दिखाई पाक-कला की प्रतिभा



दुर्ग। शासकीय डॉ. वॉ. वॉ. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में महाविद्यालय एवं ए टू जेड ब्रांड कम्युनिकेशन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में भारत स्वाद मंथन छत्तीसगढ़ चैप्टर की राज्य स्तरीय पाक-कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी पाक-कला, रचनात्मकता और व्यंजनों के आकर्षक प्रस्तुतीकरण का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने घर पर तैयार किए गए स्टार्टर एवं मुख्य व्यंजन निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक एवं आधुनिक पाक-कला को प्रोत्साहित करने के साथ प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शेफ नवीन यादव एवं सुषमा जैन शामिल रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वेदिका जैन थीं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव मुख्य संरक्षक तथा गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रेश्मा लाकेश आयोजन से मुख्य संरक्षक के रूप में जुड़ी रहीं। परमिता दासगुप्ता एवं डॉ. बिजी पिल्लई ने संरक्षक की भूमिका निभाई।

पारंपरिक व्यंजनों को मिले आधुनिक पहचान

प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि भोजन केवल भूख मिटाने का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, भावनाओं और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक भी है। भारत की विविधता उसके खान-पान में स्पष्ट दिखाई देती है। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रेश्मा लाकेश ने कहा कि पाक-कला में सफलता के लिए स्वाद के साथ स्वच्छता, पौष्टिकता, सामग्री का संतुलन और आकर्षक प्रस्तुतीकरण भी आवश्यक है।

लाइव इवेंट

पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने भक्ति और उत्साह के साथ की मां दुर्गा की आराधना



भिलाई। महिला चेम्बर भिलाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय रास रंग गरबा महोत्सव का समापन हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ हुआ। स्टील क्लब, सेक्टर-8 भिलाई में आयोजित इस महोत्सव में शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गरबा की पारंपरिक धुनों पर जमकर थिरके।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रम्हकुमारी आश्रम की प्रमुख आशा बहन ने माता की आरती से किया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे आयोजन स्थल को उत्सवमय बना दिया। इस आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। महोत्सव में सांसद विजय बघेल, नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, भाजपा नेता मनीष पांडे, महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष डॉ इला अरुण, भाजपा नेत्री दिव्या भसीन, भाजपा महिला मोर्चा प्रभारी स्वीटी कौशिक, शांतिनगर पार्षद अभिषेक मिश्र, सेक्टर पार्षद ईश्वरी नेताम, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के चीफ डॉ. उदय धाबर्डे, उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जे.पी. गुप्ता तथा चेम्बर सलाहकार कन्हैया सोनी, दिनकर बासोटिया प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी अतिथियों ने गरबा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

गरबा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए सोने की अंगूठी, साइकिल, चांदी की पायल सहित अनेक आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कारों ने प्रतिभागियों के उत्साह को और बढ़ाया तथा आयोजन में रोमांच और उमंग का माहौल बनाए रखा। महिला चेम्बर भिलाई की अध्यक्ष सुमन कन्नौजे एवं महासचिव सविता शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव ने सामाजिक एकता, पारिवारिक सहभागिता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का संदेश दिया। आयोजन में शामिल सभी लोगों ने गरबा, संगीत और उत्सव के आनंद का भरपूर लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम में प्रमुख संरक्षक गीता वर्मा, प्रभारी सरोजनी पाणिग्रही, कार्यकारी अध्यक्ष रश्मि वर्मा, सुनीता सोनी, लक्ष्मी शाह, प्रीति बग्गा, शेखरन सहित महिला चेम्बर की सभी सदस्याएं उपस्थित रही।



● रूंगटा यूनिवर्सिटी के आयोजन में 10 शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

8 घंटे चला गूगल जेमिनी हैकाथॉन, 150 टीमों ने दिखाए नए आइडिया, एआई की मदद से पढ़ाई, उद्योग और समाज की समस्याओं का मिला समाधान

भिलाई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की मदद से पढ़ाई, उद्योग और समाज की समस्याओं का समाधान तलाशने के लिए रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में गूगल जेमिनी हैकाथॉन का आयोजन किया गया। यह हैकाथॉन यूनिवर्सिटी में चल रहे चार दिवसीय टेकफेस्ट के तहत हुआ। आठ घंटे चले इस आयोजन में विद्यार्थियों ने तकनीक की मदद से वास्तविक समस्याओं के समाधान तैयार करने की दिशा में काम किया। हैकाथॉन में 150 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 31 टीमों का चयन किया गया।



इन संस्थानों ने लिया हिस्सा

इस आयोजन में 10 शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें एनआईटी रायपुर, भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, सीएसआईटी दुर्ग, रुंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी सहित अन्य संस्थानों की टीमें शामिल रहीं।

विशेषज्ञों ने भी लिया हिस्सा

कार्यक्रम में गूगल एडुकेशन के इंडिया हेड संजय जैन, भारत में गूगल जेमिनी के उपयोग को बढ़ावा देने से जुड़ी विशेषज्ञ आरती द्विवेदी और डॉ. मधुमिता सिंह की भागीदारी रही। विशेषज्ञों की मौजूदगी ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग और उनके जरिए समाधान विकसित करने के अवसरों को समझने का मंच दिया।



चार विषयों पर तैयार किए समाधान

हैकाथॉन में विद्यार्थियों को चार प्रमुख विषयों पर काम करने का अवसर मिला। इनमें शिक्षा में एआई का उपयोग, समाज और लोगों के स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी समस्याओं का समाधान, उद्योगों में एआई का इस्तेमाल और नए विचारों पर आधारित नवाचार शामिल थे। इन विषयों के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह समझने की कोशिश की कि गूगल जेमिनी जैसी तकनीक का इस्तेमाल करके पढ़ाई को बेहतर बनाने, सामाजिक चुनौतियों से निपटने और उद्योगों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए किस तरह के समाधान विकसित किए जा सकते हैं।

मृत्युभोज और प्री-वेडिंग शूट न कराने की अपील, धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर 2000 से अधिक लोग हुए शामिल

भिलाई। भारतीय बौद्ध महासभा पंजीयन क्रमांक 1119 के तत्वावधान में 70वां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस धूमधाम से संपन्न हुआ। आयोजन के लिए सेक्टर-6 स्थित महासभा भवन को आकर्षक रोशनी और फूलों की रंगोली से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब आंबेडकर की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा-वंदना और उनकी 22 प्रतिज्ञाओं के स्मरण के साथ हुई। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल सेंटर फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज, नागपुर के सुजीत वनकर ने भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति और संदेशों पर विचार रखे। सेक्टर-9 अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.उदय धाबर्डे ने बाबा साहेब के विचारों की महत्ता बताई। आकाशवाणी रायपुर के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक पंकज मेश्राम ने समाज को जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। डॉ. आंबेडकर शिक्षा मित्र सोसाइटी के अध्यक्ष अजय गणवीर ने 'पे बैक टू सोसाइटी' की सोच के तहत मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। समारोह के दौरान मीना नारनौरे को भारतीय बौद्ध महासभा 1119 के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मनोनीत करने की घोषणा की गई। इसके बाद आयोजित कवि सम्मेलन में अंचल के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं के जरिए बुद्ध के उपदेशों, आंबेडकर के जीवन संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान को





रेखांकित किया। महासभा के अध्यक्ष विनोद वासनिक ने समाज सुधार की दिशा में पहल करते हुए मृत्युभोज, पिंडदान या श्राद्ध और प्री-वेडिंग शूट न कराने का आह्वान किया।

भाषण, पोस्टर और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिखाया वायु सेना का शौर्य

दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के एनसीसी सेल 1 छत्तीसगढ़ आर एंड वी रेजिमेंट एनसीसी, द्वारा वायु सेना दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमे भाषण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पोस्टर प्रस्तुति एवं प्रमाणपत्र वितरण शामिल थे। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रवीण एम. के., कमांडिंग ऑफिसर, 1 छत्तीसगढ़ आर एंड वी रेजिमेंट तथा गगनदीप शर्मा, वरिष्ठ जे सी ओ , डाक्टर आर पी अग्रवाल निदेशक अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. एन. तिवारी के संस्थागत सहयोग एवं कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार के मार्गदर्शन में एनसीसी प्रभारी डॉ. आस्था चतुर्वेदी के संयोजन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उपकुलपति डॉ. आलोक भट्ट के स्वागत उद्बोधन और एनसीसी गीत से हुआ। जिसके बाद मुख्य अतिथि ने वायु सेना दिवस के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



छात्राओं ने मॉडलों का प्रदर्शन कर समझाई उनकी उपयोगिता

कार्नर न्यूज

सरकारी स्कूल की बेटियों का वैज्ञानिक हुनर देख प्रभावित हुई नीति आयोग और यूनिसेफ की टीम

भिलाई। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राएं भी विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इसका उदाहरण वैशालीनगर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिला, जहां नीति आयोग और यूनिसेफ की 20 सदस्यीय टीम ने पहुंचकर अटल टिंकरिंग लैब का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने छात्राओं से उनके वैज्ञानिक प्रयोगों और बनाए गए मॉडलों के बारे में चर्चा की। छात्राओं ने अपने मॉडलों का प्रदर्शन करते हुए उनकी कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान टीम ने यह समझने का प्रयास किया कि विद्यालय की छात्राएं अटल टिंकरिंग लैब में किस तरह प्रयोग करती हैं, समस्याओं के समाधान के लिए नए विचार कैसे विकसित करती हैं और इन गतिविधियों से उन्हें क्या सीखने को मिल रहा है। छात्राओं के प्रयासों और नवाचार की टीम के सदस्यों ने सराहना की। वैशालीनगर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रदर्शनियों में भाग लेती रही हैं। विद्यालय की छात्रा कविता साहू और अंचनी द्वारा तैयार किए गए एक प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान मिला था। कविता साहू राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी सम्मानित हो चुकी हैं। छात्राओं की इस उपलब्धि ने विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब को विशेष पहचान दिलाई है। यूनिसेफ के



छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश संचार विशेषज्ञ अनिल गुलाटी ने बताया कि टीम में दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, अहमदाबाद और लखनऊ सहित विभिन्न स्थानों के सदस्य शामिल थे। टीम का उद्देश्य यह देखना था कि विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में बाल वैज्ञानिक किस तरह काम कर रहे हैं, किस प्रकार के मॉडल तैयार किए जा रहे हैं और प्रयोगों के माध्यम से बच्चे क्या सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में एक विशिष्ट पहल देखने को मिली है। छात्राएं नवाचार के क्षेत्र में काम कर रही हैं। उन्होंने प्राचार्य संगीता बघेल और सभी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। दुर्ग की एडीपीओ हेमलता बंजारे ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से बाल वैज्ञानिकों की छिपी प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है। यहां शिक्षक और छात्राएं एक टीम की तरह काम करते हैं। सरकारी स्कूलों के बच्चों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलता है, तो यह सभी के लिए गर्व की बात होती है।

2019 में शुरू हुई थी लैब

विद्यालय की रसायन शास्त्र की व्याख्याता और अटल टिंकरिंग लैब की प्रभारी रितु हांडा ने बताया कि वैशालीनगर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वर्ष 2019 में लैब की शुरुआत हुई थी। प्राचार्य संगीता सिंह बघेल के मार्गदर्शन में छात्राएं लगातार नए मॉडल तैयार करती रही हैं।



सिटी इवेंट

मुस्लिम समाज ने पेश की हिंदू-मुस्लिम एकता की गंगा जमुनी तहज़ीब



भिलाई। भिलाई मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड, भिलाई द्वारा इस वर्ष भी हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की गई। मातृ वंदना दुर्गा उत्सव सेवा समिति सूर्य कुंड, हाउसिंग बोर्ड भिलाई के विसर्जन जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के स्वागत और जल वितरण के लिए हाजी ताहिर सिद्दीकी के निवास के बाहर स्टॉल लगाया गया। हाजी ताहिर सिद्दीकी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि अलग-अलग धर्म होने के बावजूद इंसानियत और भाईचारा सभी को जोड़ता है। एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान करना गंगा-जमुनी तहज़ीब की पहचान है, जिससे समाज में आपसी विश्वास बढ़ता है। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं का इस्तकबाल किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में पार्षद पीयूष मिश्रा, राम तपस्या, हाजी एम. एच. सिद्दीकी, इफ़्तेख़ार सिद्दीकी, शमीम सिद्दीकी, सैयद इरफ़ान रिज़वी, अहमद हुसैन, फ़िरोज़ अहमद, जावेद ख़ान, मेराज ख़ान, नज़ीर ख़ान, मोहम्मद असद, मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद समर, मोहम्मद आमिर, अयान, ज़ैद, फ़ैज़ान और अली सहित अन्य का योगदान रहा। सोसाइटी ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वतन और इंसानियत एक है, इसलिए समाज में शांति, सद्भाव और आपसी सम्मान को बढ़ावा देना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



धर्म लाइव

सिख धर्म की परंपराओं के संदेश को अपनाने का लिया संकल्प



भिलाई। गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब जी कोहका में बाबा बुढ़ा साहिब जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर शब्द-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें संगत ने गुरु चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरबाणी की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

- गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब जी कोहका में श्रद्धापूर्वक मनाया गया प्रकाश पर्व

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिख पंचायत, भिलाई-दुर्ग की ओर से जसवीर सिंह चहल, पलविंदर सिंह रंधावा, गुरुनाम सिंह, बलदेव सिंह और हरपाल सिंह सहित सिख यूथ सेवा समिति की ओर से अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। गुरुद्वारा प्रधान बीबी कुलवंत कौर ने आए हुए गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपाओ भेंट कर सम्मानित किया। सभी ने माथा टेककर गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया और सिख धर्म की परंपराओं, सेवा, सिमरन और मानवता के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया। अंत में गुरु साहिब से सभी पर मेहर बनाए रखने और समस्त संगत को सुख, शांति एवं चढ़दी कला की अरदास की गई।

समाज इवेंट

हिंदी सिनेमा के रोचक किस्सों को किया साझा,पॉडकास्ट हुआ रिकार्ड



भिलाई। संगीत, गजल और हिंदी सिनेमा की यादों को साझा करने के लिए भिलाई स्थित आरके म्यूजिक स्टूडियो में गजल गायक परन राज भाटिया का विशेष पॉडकास्ट रिकॉर्ड किया गया। हैदराबाद से आए अंतरराष्ट्रीय शायर एवं हिंदी सिनेमा के जानकार जावेद नशीम ने यह बातचीत अपने यूट्यूब चैनल सिने माया के लिए रिकॉर्ड की। पॉडकास्ट के दौरान परन राज भाटिया ने संगीत और गजल की दुनिया से जुड़े अपने अनुभवों, यादगार घटनाओं और हिंदी सिनेमा से संबंधित रोचक किस्सों को साझा किया। बातचीत में संगीत की दुनिया के अनुभवों के साथ भारतीय सिनेमा की सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा हुई। इस विशेष संवाद के माध्यम से दर्शकों को कलाकार के अनुभवों और फिल्मी दुनिया की यादगार घटनाओं को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। जावेद नशीम हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम इतिहास, पुराने फिल्मी किस्सों और भारतीय फिल्म जगत की महान हस्तियों से जुड़े रोचक प्रसंगों को अपने पॉडकास्ट के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। शायरी, गजल और हिंदी सिनेमा के प्रति उनकी रुचि उनके कार्यक्रमों को विशिष्ट पहचान देती है। आरके म्यूजिक स्टूडियो, भिलाई के संचालक महेश कुमार विनोदिया ने जावेद नशीम और परन राज भाटिया का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संगीत, साहित्य और सिनेमा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम कलाकारों के अनुभवों को सहेजने और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

● लोकगीत, सुरीली गायकी और पारंपरिक नृत्य ने बढ़ाई दुर्गा पूजा की रौनक

कोलकाता के कलाकारों के साथ स्थानीय प्रतिभाओं ने दिखाई कला, दिखी लोक परंपराओं की झलक

भिलाई। दुर्गोत्सव के अवसर पर हुडको और हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में लगातार चार दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ कोलकाता से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। बाउल संगीत, बंगाल के लोकगीतों, सुरीली गायकी और पारंपरिक धुनुचि नृत्य ने दुर्गोत्सव की रौनक बढ़ा दी। वहीं हुडको कालीबाड़ी में नागपुर से पहुंचे नेत्रहीन कलाकारों ने संगीत सहित मिमिक्री की प्रस्तुति दी, जिसे लोगों ने खूब सराहा। हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में षष्ठी को नन्हे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों की सराहना बटोरी। स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक धुनुचि नृत्य प्रस्तुत कर बंगाली संस्कृति की मनमोहक छटा बिखेरी। सप्तमी के दिन सांस्कृतिक संध्या का प्रमुख आकर्षण कोलकाता से आईं लोक गायिका परमा राधिका बनर्जी और बाउल गायक शंकर बाउल की प्रस्तुतियां रहीं। दोनों कलाकारों ने बंगाल की समृद्ध लोकसंस्कृति और संगीत परंपरा की खूबसूरत झलक पेश की। बाउल संगीत की मधुर धुनों और भावपूर्ण गायन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से कलाकारों ने बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। अष्टमी के दिन जी सारेगामा के कलाकार पौमोली साहा, प्रत्युस सेन और शुभम डे ने अपनी प्रस्तुतियों से सांस्कृतिक संध्या में चार चांद लगाए। वहीं नवमी के दिन अरफीन राणा, ओलिवा चक्रवर्ती और अनुरूप की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों की गायकी और संगीत का श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया।







प्रतिभाओं को भी मिला मंच

स्थानीय प्रतिभाओं को भी मंच मिला। धुनुचि नृत्य की लय और पारंपरिक अंदाज ने उत्सव के माहौल को और आकर्षक बना दिया। चार दिनों तक चली सांस्कृतिक संध्या में संगीत, नृत्य और लोकपरंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला। कोलकाता के कलाकारों की प्रस्तुतियों और स्थानीय प्रतिभाओं की भागीदारी ने दुर्गोत्सव को यादगार बना दिया। पूरे आयोजन में बंगाल की कला, संस्कृति और परंपरा की मिठास देखने को मिली।





कई मुद्दों पर उठाई आवाज

सवर्ण अधिकार न्याय यात्रा में ब्राह्मण समाज ने दिया समर्थन, जुटे लोग



भिलाई। सवर्ण समाज के अधिकारों और विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित सवर्ण अधिकार न्याय यात्रा के तहत विशाल आमसभा हुई। श्रीराजपूत करणी सेना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सरयूपारी ब्राह्मण समाज, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज सहित सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने सहभागिता कर अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम के बाद जिला कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों पर ध्यान देने की अपील की गई। आमसभा में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने यूजीसी विधेयक वापस लेने, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस के तहत लागू नियमों को सरल बनाने तथा एससी-एसटी एक्ट के कथित दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग रखी। वक्ताओं ने कहा कि सवर्ण समाज से जुड़े इन विषयों पर केंद्र और राज्य सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए, ताकि संबंधित वर्गों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा, सरयूपारी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, महासचिव रामलखन मिश्रा, चंद्रशेखर पांडेय, शंकर चरण पांडेय, नागेंद्र पांडेय, शशिकांत तिवारी, प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, गौक्लेश तिवारी, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, सुधीर शर्मा, उर्मिला उपाध्याय, काजल मिश्रा, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, राजीव तिवारी, राघवेंद्र प्रसाद पाठक, बृजमोहन तिवारी और मुकेश तिवारी सहित दुर्ग-भिलाई के ब्राह्मण समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि सवर्ण समाज की मांगों पर सरकार को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो समाज अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। सरयूपारी और कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज सहित विभिन्न संगठनों की सहभागिता को सवर्ण समाज की एकजुटता के रूप में देखा गया।

आशीष नगर में होगा निर्माण

आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान के लिए आशीष नगर में बनेगा शक्ति द्वार



भिलाई। छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग के शक्ति द्वार के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन हुआ। सड़क 5, आशीष नगर पश्चिम में शक्ति द्वार का निर्माण किया जाएगा। इसका भूमिपूजन रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग के अध्यक्ष मंथीर खलेन्द्र ने की। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मातृशक्ति एवं समाज के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पार्षद जमुना ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष फकीर राम ठाकुर, रामेश्वरी गायकवाड़, हेमीन चतुर्वेदी, सुनीता मल्होत्रा, रोहिणी करभाल, पल्लवी भूआर्य, डालिया ढाले, चन्द्रिका रावत सहित अन्य उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने कहा कि शक्ति द्वार का सौंदर्यीकरण समाज की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक एकता एवं गौरव को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्य से समाज के भवन एवं उसके प्रवेश द्वार की सुंदरता में वृद्धि होगी तथा समाज की एकजुटता और सामूहिक सहभागिता को भी नई प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं समाजजनों ने इस पहल की सराहना की और समाज के विकास, एकता एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

महापौर शशि सिन्हा ने किया भूमिपूजन

जनजातीय विद्यार्थियों का अंग्रेजी संचार कौशल निखारेंगे प्राध्यापक

कार्नर न्यूज

जनजातीय विद्यार्थी अंग्रेजी सुनने, समझने, बोलने और विचार व्यक्त करने में होंगे सक्षम, प्राध्यापकों की पाठशाला

दुर्ग। जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति झिझक दूर करने, संवाद कौशल विकसित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में संभाग स्तरीय शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला ...योजित की गई। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च ...विभाग की इस पहल के अंतर्गत 90 घंटे ...शेष अंग्रेजी पाठ्यक्रम संचालित किया जा ...है। इसका उद्देश्य जनजातीय विद्यार्थियों को अंग्रेजी सुनने, समझने, बोलने और अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में सक्षम बनाना है। राज्य समन्वयक एवं शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनजातीय विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई है। कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान रूसा और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी के सहयोग से किया गया। योजना का क्रियान्वयन उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विभागीय सचिव अविनाश चंपावत और उच्च शिक्षा आयुक्त रीता यादव के निर्देशन में किया जा रहा है। रूसा के परियोजना संचालक डॉ. एम.एस. गुप्ता ने बताया कि 90 घंटे का यह विशेष पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के व्यावहारिक उपयोग की क्षमता विकसित करने के लिए किया गया था। पाठ्यक्रम में भाषा के व्यावहारिक अभ्यास पर जोर दिया गया है, ताकि विद्यार्थी केवल अंग्रेजी समझने तक सीमित न रहें, बल्कि आत्मविश्वास के साथ उसका इस्तेमाल भी कर सकें।





सीख रहे शिक्षण पद्धति और व्यावहारिक ज्ञान

कार्यशाला में अपर संचालक, उच्च शिक्षा, दुर्ग संभाग डॉ. अनुपमा अस्थाना, संयुक्त संचालक रूसा डॉ. एम.एस. गुप्ता, मास्टर ट्रेनर डॉ. तंजीम आरा खान और पुण्यप्रदा सिंह सहित विभिन्न जिलों के प्राध्यापक शामिल हुए। दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी, बालोद और दल्लीराजहरा सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों और कक्षा में अपनाई जा सकने वाली व्यावहारिक तकनीकों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों की अंग्रेजी बोलने की झिझक दूर करने के लिए संवाद अभ्यास, समूह गतिविधियां, भूमिका-अभिनय और दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य शासन की इस पहल से उच्च शिक्षा में समान अवसर और समावेशिता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के संचार कौशल, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यशाला के आयोजन में साइंस कॉलेज, दुर्ग के अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मर्सी जॉर्ज और डॉ. तरलोचन कौर संधू का योगदान रहा।

धान की फसल पकने के लिए छोड़ रहे जलाशयों से पानी, किसानों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

खरीफ का मुख्य फसल धान को पकने के लिए आखिरकार पानी की जरूरत पड़ ही रही है। सितंबर महीने में भारी बारिश की वजह से खेतों में फसलों को काफी नुकसान की स्थिति थी लेकिन अब पानी की कमी हो गई है।

दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव क्षेत्र के खेतों में सिंचाई के लिए जलाशय खोल दिए गए हैं। चार जलाशयों से सिंचाई के लिए 6 गेट खोलकर पानी छोड़ रहे हैं। इस पूरे महीने तक जलाशयों से पानी दिया जाएगा। पानी छोड़ने की वजह से जलाशयों का जलस्तर भी कम हुआ है। अच्छी बारिश होने से बालोद, दुर्ग, राजनांदगांव और बेमेतरा जिले की खेती और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण 4 बांधों में जलभराव बेहतर है। खरखरा, मटियामोती और गोंदली में 90% से ज्यादा, तांदुला में 81% पानी भरा है । गोंदली जलाशय के गेट से सिंचाई के लिए 169 क्यूसेक पानी छोड़ रहे हैं। मटियामोती में 93.01% व खरखरा में 92.53% पानी चारों जलाशयों में 487.18 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) पानी भरा है। खरखरा जलाशय में कुल जलभराव का 92.53%, मटियामोती 93.01% और गोंदली 91.23% पानी भरा हुआ है। वहीं तांदुला जलाशय में 81.24% पानी भरा है। हालांकि चारों जलाशयों से नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी छोड़ रहे है। अक्टूबर के पहले सप्ताह में गोंदली को छोड़ बाकी जलाशयों में 100 प्रतिशत पानी भरा था।

इस बार तांदुला, गोंदली, खरखरा और मटियामोती जलाशयों में है पर्याप्त

इस तरह जलाशयों में पानी का स्टोरेज हो रहा कम


तांदुला जलाशय का जलस्तर 4.50 फीट, गोंदली जलाशय का 1.50 फीट, खरखरा जलाशय का 1.50 फीट और मटियामोती जलाशय का जलभराव 1.70 फीट कम हो चुका है। वर्तमान में तांदुला जलाशय में 32 फीट, गोंदली जलाशय में 31.50 फीट, खरखरा जलाशय में 27.50 फीट और मटियामोती जलाशय में 18 फीट जलभराव है। 5 अक्टूबर तक तांदुला में 38.50 फीट, गोंदली में 34 फीट, खरखरा में 30 फीट और मटियामोती में 20.70 फीट पानी भरा था।



सिंचाई के लिए इस तरह छोड़ रहे पानी

वर्तमान में सिंचाई के लिए तांदुला जलाशय से 2593 क्यूसेक, गोंदली से 169 क्यूसेक, खरखरा से 530 क्यूसेक और मटियामोती से 159 क्यूसेक पानी छोड़ रहे है। इससे किसानों को राहत मिल रही है। खरखरा, गोंदली में पिछले साल से कम जलभराव खरखरा जलाश्य की कुल जलभराव क्षमता 139.29 एमसीएम है। जिसके अनुरूप वर्तमान में 128.89 एमसीएम पानी भरा है। पिछले साल 20 अक्टूबर को 2025 में 140.05 एमसीएम और 2024 में 124.73 एमसीएम पानी भरा था। इस लिहाज से 2025 की तुलना में इस बार कम और 2024 की तुलना में ज्यादा पानी भरा है। गोंदली बांध में 88.09 एमसीएम पानी है। 2025 में यहां 95.99 एमसीएम और 2024 में 61.03 एमसीएम पानी था। इस लिहाज से यहां 2025 की तुलना में कम और 2024 की तुलना में ज्यादा पानी भरा है। तांदुला में इस बार 59.43 एमसीएम पानी कम है। तांदुला जलाशय में 245.58 एमसीएम पानी भरा है। जो कुल जलभराव का 81.24% है। पिछले साल 20 अक्टूबर को यहां 305.01 एमसीएम और 2024 में 193.94 एमसीएम पानी भरा था। इस लिहाज से पिछले साल की तुलना में इस बार 59.43 एमसीएम कम पानी है। वहीं 2024 की तुलना में 51.64 एमसीएम ज्यादा पानी भरा है। चारों जलाशयों में वर्तमान में कुल 487.18 एमसीएम पानी भरा है। जबकि 2025 में चारों जलाशयों में 567.47 एमसीएम पानी भरा था। पिछले साल की तुलना में इस साल 80.29 एमसीएम पानी कम है। इसके बावजूद तीन जलाशयों में 90% से ज्यादा पानी है।

खबर संक्षेप



चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में लगी ड्रेन जाली निकली, आज व कल बंद रहेगा आवागमन

भिलाई। चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में ड्रेन की जाली अचानक बाहर निकल आई। जिसकी वजह से दो दिनों तक यहां सुधार कार्य चलेगा। 24 और 25 अक्टूबर तक इस अंडरब्रिज बंद कर दिया गया है। इसके पहले तीन महीने तक सीमेंटीकरण करने की वजह से इस अंडरब्रिज से आवागमन बंद रहा। इस स्थिति में लोगों को अब फिर से सेक्टर एरिया जाने के लिए और आने के लिए घूमकर जाना पड़ेगा। भिलाई निगम प्रशासन ने लोगों को सूचित किया है कि ड्रेन जाली के उखड़ जाने की वजह से आवागमन करने वाले वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका उत्पन्न हो गई है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में तत्काल प्रभाव से आवागमन बंद किया जाना आवश्यक हो गया है। इस अवधि में ड्रेन की जाली से संबंधित आवश्यक सुधार एवं संधारण कार्य कराया जाएगा, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके तथा आवागमन सुरक्षित बनाया जा सके।

टाउनशिप के जर्जर आवासों, सड़कों व कैंटीनों की समस्या के निदान पर जोर, मिला आश्वासन

बीएसपी प्रबंधन के साथ हुई अहम बैठक में यूनियनों की दिखी एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इंटक ने एरियर्स, इंसेंटिव व सीटू ने यूनियन चुनाव में विलंब और जेएलएनएच के निजीकरण का मुद्दा उठाया

भिलाई इस्पात संयंत्र और टाउनशिप में हजारों कर्मचारियों से जुड़ी लंबे समय से लंबित कई समस्याओं के चलते कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए प्रमुख यूनियनों ने एकजुटता से आवासीय और मेडिकल मुद्दों के निदान के लिए बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बनाया। प्रबंधन ने कुछ समस्याओं के निदान फौरी निदान का आश्वासन दिया वहीं कई मुद्दों पर निर्णय नहीं हो पाया। वहीं दो साल से लंबित मान्यता यूनियन चुनाव में विलंब के लिए खुद को जिम्मेदार नही बताया।

कर्मियों की लोकल स्तर समस्याओं के जल्द निदान की उम्मीद बंधी। बीएसपी प्रबंधन और यूनियनों की इस्पात भवन में हुई अहम संवाद बैठक में इंटक और सीटू लंबित एरियर्स और इंसेटिव सहित सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण सहित दो दर्जन मुद्दों को समयसीमा में निपटाने पर जोर दिया। वहीं बीएमएस, एचएमएस सहित अन्य यूनियनों ने भी कर्मचारी हितों के मामले में लेटलतीफी को असंतोषदायी बताया। बैठक में प्रबंधन की ओर से ईडी पवन कुमार, सीजीएम अतुल नौटियाल, संजय द्विवेदी, सुरजीत मलिक और राजीव कुमार सहित इंटक से महासचिव संजय कुमार साहू, सीटू से विजय जांगड़े, केवेंद्र सुंदर व बीएमएस से कार्यकारी अध्यक्ष वीबी सिंह, प्रदीप पाल, एटक के विनोद सोनी, एक्टू के बिजेंद्र तिवारी, लोइमू के जेपी नायर व एचएमएस के डीके सिंह आदि विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



छोटे क्वार्टरों को लाइसेंस पर दें

फेस्टिवल एडवांस 50 हजार करने की मांग पर कार्यपालक निदेशक ने सहमति का रुख दिखाया। सेक्टर-9 अस्पताल के संबंध में स्पष्ट किया कि अस्पताल को सीधे निजी हाथों में नहीं सौंपा जा रहा, बल्कि निजी सहयोग से उत्कृष्टता की ओर ले जाने का प्रयास है। सीटू ने अस्पताल की सेवाओं और कर्मचारियों-सेवानिवृत्त कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए सभी हितधारकों से चर्चा की मांग दोहराई। मान्यता यूनियन चुनाव में विलंब के मुद्दे पर प्रबंधन ने कहा कि केंद्रीय श्रम कार्यालय से प्राप्त आदेश के अनुसार पूरा सहयोग किया जाएगा और चुनाव में देरी के लिए प्रबंधन जिम्मेदार नहीं है। छोटे क्वार्टरों का लाइसेंस अचानक बंद होने से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी जमा रहने तथा अनिश्चितता की समस्या, ग्रेच्युटी पर आयकर छूट और इंसेंटिव संशोधन जैसे मुद्दे अनुत्तरित रहे।

सीटू ने जर्जर सड़क व आवास सहित पेयजल मुद्दे पर दिया बल

सीटू ने ग्रेडिंग प्रणाली में पारदर्शिता, कर्मचारियों को अपनी ग्रेडिंग देखने की सुविधा तथा क्लस्टर परिवर्तन के समय तीन वर्ष में अपग्रेडेशन/प्रमोशन सुनिश्चित करने की मांग की। अस्पताल कर्मचारियों के पदनाम सुधार की मांग की। कैंटीनों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और यूरिनल-टॉयलेट की बदहाली का मुद्दा उठाया। कैंटीन प्रभारी सुरजीत मलिक को नियमित निगरानी एवं सुधार के निर्देश दिए गए। मॉडल कैंटीन बेस किचन जल्द शुरू करने, 32 कैंटीनों में टाइल लगाने एवं नवीनीकरण, 250 एक्वागार्ड और वाटर कूलर लगाने तथा कारोबार के आधार पर कैंटीनों को अपग्रेड करने की जर्जर आवासों की मरम्मत, सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के लिए हेल्प डेस्क तथा असुरक्षित मकानों को जमींदोज करने की मांग दोहराई गई। बोरिया गेट से बीएसएफ चौक तक फॉरेस्ट एवेन्यू में डिवाइडर का पिछला टेंडर ठेकेदार द्वारा काम नहीं करने के कारण विफल रहा; अब नए सिरे से टेंडर जारी किया जाएगा। मेन गेट पर दोपहिया वाहनों की लंबी कतारों के समाधान के लिए जीएम (एचआर) को निर्देशित किया गया। रिवर्स ऑक्शन बंद करने, ठेका श्रमिकों को न्यूनतम 26 हजार मासिक वेतन, समय पर भुगतान और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित करने की मांग की।

इंटक ने कहा जल्द मिले एरियर्स व इंसेंटिव

बैठक ने स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक ने लंबित 39 माह के एरियर सहित अन्य लंबित मुद्दों का जल्द समाधान, इंसेंटिव स्कीम को वर्तमान उत्पादन व उत्पादकता के अनुरूप संशोधित करने के लिए कमेटी गठन व नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम शीघ्र शुरू करने पर जोर दिया। नए वेतन समझौते के लिए कमेटी गठित कर वर्ष 2027 में वेतन समझौता संपन्न कराने की मांग भी रखी। यूनियन की सदस्यता सत्यापन के लिए चुनाव जल्द कराने और एस-5 से एस-6 में प्रमोशन के दौरान आ रही दिक्कतों को दूर करने तथा तीन वर्ष की सेवा के बाद एस-6 में पदोन्नति देने की मांग की। सेक्टर-9 अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था में सुधार करने तथा अस्पताल के निजीकरण को लेकर स्थिति स्पष्ट कर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। वेलकम स्कीम के तहत निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने, रिटेंशन स्कीम लागू करने तथा 650 वर्गफीट तक के आवासों को लाइसेंस पर देने, आवास आवंटन में सब्जेक्ट टू वेकेशन' व्यवस्था लागू करने कहा। संयंत्र परिसर में स्वच्छ पेयजल, बेहतर कैंटीन, स्वच्छ शौचालय तथा कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता भी बताई।

समाधान का मिला आश्वासन

महासचिव संजय साहू ने बताया कि बैठक में ईडी पवन कुमार व सीजीएम प्रशांत ओझा ने पदोन्नति नीति में जल्द सुधार, संयंत्र के भीतर 500 वाटर प्यूरीफायर व वाटर कूलर लगाने और सेक्टर 9 अस्पताल का निजीकरण नहीं करने का आश्वासन दिया।मॉडल कैंटीन, अन्य कैंटीनों तथा शौचालयों में सुधार के लिए बजट भी निर्धारित करना बताया। इंसेंटिव स्कीम एवं नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के मुद्दे पर उच्च प्रबंधन से चर्चा करने का आश्वासन मिला। ठेका श्रमिकों के वेतन और सुरक्षा व वेतन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने की मांग पर और वेतन भुगतान को व्यवस्थित करने के लिए एस्क्रो अकाउंट खोले जाने की प्रक्रिया चलने का आश्वासन दिया।

नदी में डूबे बालक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नदी और नहर में लोगों के डूबने का मामला सामने आया है। घटना में बालक का शव मिल गया है लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक का शव नहीं मिल पाया है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना कुम्हारी स्थित खारून नदी में 15 वर्ष के बालक राज गुप्ता का शव मिला। जामगांव आर थाना क्षेत्र की तांदुला नहर में बाइक समेत गिरे दुर्गेश ठाकुर की तलाश जारी है। दोनों घटनाओं में एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू अभियान चलाया। ग्राम गांव, सीता नगर, रायपुर निवासी राज गुप्ता 22 अक्टूबर को अपने दोस्त निलेश ठाकुर के साथ रायपुर से अकोला गांव के पास खारून नदी गए थे। नहाने के बाद दोनों नदी के बीच एक पक्षी पकड़ने के लिए पानी में उतरे। तभी पानी की गहराई और गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा। राज गुप्ता गहरे पानी में डूबने लगे। मौके पर मौजूद मछुआरों ने निलेश ठाकुर को बचा लिया, लेकिन राज को नहीं बचा सके। दोनों बालक मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे। काम के सिलसिले में रायपुर में रहते थे। पुलिस ने बताया कि जामगांव आर के घटना में एसडीआरएफ गाड़ाडीह के पास गुढ़ियारी और कानाकोट के बीच स्थित तांदुला पुल पर बाइक सवार युवक की गाड़ी अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गई। जिसके बाद युवक बाइक सवार ग्राम तिलोदा बालोद निवासी दुर्गेश ठाकुर समेत नहर में गिर गई। फिलहाल दुर्गेश ठाकुर की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

जर्जर भवन को निगम ने ढहाया

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुराने एवं जर्जर भवनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को निगम के जोन-03 क्षेत्र अंतर्गत पुराने एवं जर्जर भवन की जांच कर जेसीबी मशीन के माध्यम से उसे ध्वस्त किया गया। निगम की इस कार्रवाई का उद्देश्य जर्जर भवनों से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। शहर में कई पुराने भवन समय के साथ कमजोर एवं जर्जर स्थिति में पहुंच जाते हैं। ऐसे भवनों से किसी भी समय दीवार, छत या अन्य हिस्से गिरने का खतरा बना रहता है। विशेषकर बारिश एवं खराब मौसम के दौरान इनसे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

बोरिया गेट की एटीएम मशीन तोड़कर चोरी करने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भट्ठी थाना अंतर्गत बोरिया गेट के पास लगे एटीएम को तोड़कर रुपए निकालने का प्रयास करने वाला पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन एवं घटना से संबंधित ट्रक जब्त किया है। घटना 21 अक्टूबर की रात की है। पुलिस को जानकारी मिली कि बोरिया गेट स्थित स्टेट बैंक के एटीएम में अज्ञात व्यक्ति द्वारा रुपये चोरी करने के उद्देश्य से मशीन में तोड़फोड़ कर क्षति पहुंचाई गई है। इस संबंध में सुबधा कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। संदेह के आधार पर आरोपी केशरा राम 28 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि वह राजस्थान का रहने वाला है। ट्रक आरजे 47 जीए 3435 में चूना पाउडर लेकर राजस्थान से भिलाई स्थित बीएसपी आया था। माल खाली करने के बाद कंपनी के अगले आदेश की प्रतीक्षा के दौरान उसके पास रुपये समाप्त हो गए थे। इसी दौरान उसने बोरिया गेट स्थित एटीएम से रुपये चोरी करने की नीयत से अपने ट्रक में रखे लोहे के रॉड एवं जैक रॉड से मशीन को तोड़ने का प्रयास किया। रुपये नहीं निकलने तथा लोगों की आवाजाही होने पर वह मौके से हटकर अपने ट्रक में जाकर छिप गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। आरोपी केशरा राम ग्राम भुनिया लक्षीया कातला भुनिया दनउ जिला बाड़मेर राजस्थान का रहने वाला है।

बकरी पालने को लेकर विवाद, महिला की हत्या

भिलाई। ग्राम चुनकट्टा में अधेड़ महिला की लाठी डंडे से वार कर मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है। घटना उतई थाना क्षेत्र की है।गांव में बकरी पालन को लेकर हुए सामाजिक विवाद ने बकरी नहीं पालने की परंपरा का हवाला देकर युवक ने 52 वर्षीय महिला ताबडतोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। महिला का उपचार के दौरान मौत हो गई। उतई पुलिस ने बताया कि चुनकट्टा निवासी कुमारी बाई साहू अपनी आजीविका चलाने के लिए बकरी पालन करती थीं। गांव में रहने वाले अर्जुन साहू लंबे समय से उसके इस कार्य का विरोध करता था। अर्जुन का मानना था कि साहू समाज के दृष्टिकोण से बकरी पालन करना ठीक नहीं है।

गुरुवार देर शाम इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आवेश में आकर अर्जुन साहू ने डंडे से कुमारी बाई के सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद लहूलुहान अवस्था में परिजनों ने महिला को उपचार के लिए श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया। जहां देर रात उपचार के बाद रात करीब ढाई बजे कुमारी बाई ने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर अजीत साहू ने पुलिस में शिकायत करने के बाद अर्जुन को हिरासत में ले लिया गया है।

एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में डीपीएस भिलाई की उपलब्धि

डे कम बोर्डिंग स्कूल श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 19वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई ने एजुकेशनवर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2026–27 में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय ने डे कम बोर्डिंग स्कूल श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 19वाँ स्थान, छत्तीसगढ़ व भिलाई में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दिल्ली के पुलमैन, एयरोसिटी हुए पुरस्कार समारोह में यह सम्मान दिया गया। डीपीएस प्रबंधन के मुताबिक यह सम्मान विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। डीपीएस भिलाई सदैव ऐसा प्रेरणादायी शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहा है, जहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, आधुनिक तकनीक, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को समान महत्व दिया जाता है।

■ छत्तीसगढ़ और भिलाई में प्रथम स्थान प्राप्त किया

इस उपलब्धि से डीपीएस भिलाई की प्रतिष्ठा और सुदृढ़ हुई है। विद्यालय के प्राचार्य-प्रभारी अमजद हसन जुंजानी ने इस उपलब्धी को गौरवपूर्ण बताते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय सामूहिक प्रयासों और उच्च शैक्षणिक मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों में बौद्धिक जिज्ञासा, रचनात्मकता, नैतिक चरित्र और सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

दो दिन से वार्ड 35 की नाली में फंसे बैल को जेसीबी से निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा गौ रक्षा एवं बेजुबान पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मानवीय संवेदनशीलता के साथ सराहनीय पहल की गई। निगम क्षेत्र के जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में पिछले दो दिनों से एक बैल नाली में फंसा हुआ था। इसकी जानकारी मिलने पर बैल को बाहर निकालने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। नाली में लंबे समय से फंसे होने के कारण बैल को बाहर निकालना चुनौतीपूर्ण हो गया था। स्थिति को देखते हुए नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से नाली के हिस्से को तोड़कर रास्ता बनाया और बैल को बाहर निकालने की कार्रवाई की। इस दौरान प्राथमिकता बेजुबान पशु को सुरक्षित बाहर निकालने तथा उसे किसी प्रकार की गंभीर चोट से बचाने की रही। नगर निगम की इस कार्रवाई से गौ रक्षा और पशु सुरक्षा के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता सामने आई है। बेजुबान पशु अपनी परेशानी स्वयं व्यक्त नहीं कर सकते, ऐसे में समय पर उनकी सहायता करना समाज और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है।

दर्जनभर से ज्यादा जारी नोटिस का नहीं हुआ था असर, इसलिए कार्रवाई

15 साल से बंद रास्ता होगा चालू, रिसाली निगम ने अतिक्रमित तीन दुकानों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम के अंतर्गत वार्ड 13 स्थित मुख्य उतई मार्ग पर पिछले 15 वर्षों से अवैध रूप से दुकान बनाकर व्यवसाय करने वाले को नगर पालिक निगम रिसाली ने खदेड़ दिया। शुक्रवार को निगम के राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंच कर बेदखली अभियान चलाया। अभियान के दौरान शुरूआत में विरोध का सामना अवश्य करना पड़ा। बाद में नेवई पुलिस की मध्यस्थता में तीन दुकानों को खाली कराने के बाद निगम के अधिकारियों ने दुकान को ढहा दिया। इस कार्यवाही से 15 साल से बंद आम रास्ता अब शुरू होगा।

इस कार्यवाही से पहले निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने एक साल पूर्व अतिक्रमण कर व्यापार करने वाले व्यापारियों को स्वतः दुकान हटाने निर्देश दिए थे। कई बार कार्यालय बुलाकर व्यापारियों को समझाइश भी दी। इसके बाद भी चिकन कार्नर, सेलून संचालक व इलेक्ट्रिक दुकान के संचालक हठधर्मिता पर अड़े रहे। आयुक्त के निर्देश पर राजस्व विभाग प्रभारी धर्मेन्द्र मिश्रा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होने पहले दुकान से सामान बाहर निकालने मौका दिया। इसके बाद तीनों दुकान को हटाया।



दर्जनभर से ज्यादा नोटिस

वार्ड 13 टंकी मरोदा के पार्षद विधि यादव व नागरिकों ने पिछले दो वर्षों से अवरूद्ध मार्ग को शुरू कराने आयुक्त के समक्ष ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद से निगम प्रशासन अवरूद्ध मार्ग को शुरू कराने की पहले शुरू की थी। लगभग दर्जनभर से ज्यादा नोटिस भी व्यापारियों को दिया गया था। इसके बाद भी व्यापारी बेधड़क दुकान संचालित कर रहे थे।

जल्द बनेगा सीसी रोड

मैत्री गार्डन चौक से सीधे वार्ड 13 जाने नहर किनारे से आम रास्ता बना हुआ है। निगम इस मार्ग पर सीमेंटीकरण कार्य कराया है। अतिक्रमण की वजह से मार्ग अवरूद्ध था और लगभग 50 मीटर सीमेंटीकरण कार्य पूर्ण करना बचा था। अतिक्रमण हटने से क्षेत्र के नागरिकों को कम दूरी तय कर वे सीधे मैत्री गार्डन चौक पहुंच सकते है।

